# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 31.05.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆**जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थानाक्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट-स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया गया।**

**सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 31.05.2024 को जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक /थानाध्यक्ष द्वारा शांति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।**

**प्रेस नोट दिनांक 31.05.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

◆**जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जिला कारागार सिद्धार्थनगर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण।**

◆सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश।

आज दिनांक 31.05.2024 को जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जिला कारागार सिद्धार्थनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहें । सभी बैरको का तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों मे किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नही हुई । जेल अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है । जिला कारागार सिद्धार्थनगर में निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थायें सन्तोषजनक पायी गयी। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व शातिर किस्म के बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एंव आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

## प्रेस नोट दिनांक 31.05.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆सेवानिवृत्त हुए 03 पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा "पुलिस कार्यालय" में की गयी ससम्मान विदाई।**

आज दिनांक-31.05.2024 को जनपद सिद्धार्थनगर से 03 पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण अपनी सम्पूर्ण सेवा काल के दौरान पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं लगन से कार्य करते हुए अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। इस अवसर पर आज दिनांक 31.05.2024 को "पुलिस कार्यालय" में पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त हुए अधिकारी/कर्मचारीगण हेतु विदाई समारोह आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा ससम्मान विदाई की गयी। इस अवसर पर सर्वप्रथम सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों से उनका परिचय प्राप्त करते हुये सेवाकाल के अनुभवों के बारे में वार्ता की गयी। विदाई समारोह में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सेवानिवृत्त हुए कर्मियों को माला पहनाकर, शाल व धर्मग्रन्थ आदि भेंटकर सम्मानित किया गया। उनके द्वारा सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियों के भविष्य की योजनाओं के बारे में जाना गया साथ ही भविष्य में किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक सम्पर्क करने की बात कही गयी। महोदय ने सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियों को उनके सुखद, आनन्दपूर्ण व उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये सम्मानपूर्वक विदाई की गयी।

**सेवानिवृत्त हुए पुलिस कर्मियों का नाम-**

01.निरीक्षक गोपनीय सुखराम पाल गोपनीय कार्यालय, पुलिस अधीक्षक कार्यालय सिद्धार्थनगर।
02.उ0नि0ना0पु0 कन्हैया कुवर तिवारी थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर।
03.उ0नि0ना0पु0 वेद प्रकाश थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

**प्रेस-नोट दिनांक 31-05-2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆आवेदिका सोनाली अग्रहरि के खाते से नौकरी का झांसा देकर फ्राड हुए धनराशि ₹19102/- को साइबर सेल सिद्धार्थनगर ने कराया वापस।**

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में जनपद सिद्धार्थनगर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण व नेतृत्व में प्रभारी साइबर सेल अरुण कुमार व टीम साइबर सेल द्वारा आवेदिका सोनाली अग्रहरि निवासी बेवा चौराहा थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के खाते से फ्राड हुए धनराशि को कार्यवाही करते हुए सोनाली अग्रहरि के खाते में धनराशि ₹19102/- वापस कराये गए।**

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

**आवेदिका सोनाली अग्रहरि निवासी बेवा चौराहा थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर को नौकरी का झांसा देकर कुल धनराशि ₹24850/- का फ्रॉड कर अपने खाते मे ट्रांसफर करवा लिया गया। शिकायतकर्ता उपरोक्त को जैसे ही ज्ञात हुआ कि उसके साथ फ्रॉड हो गया। उक्त की सूचना साइबर सेल सिद्धार्थनगर को दी गई तथा दी गई शिकायत के आधार पर साइबर सेल टीम की मदद से कार्यवाही करते हुए सोनाली अग्रहरि के खाते में धनराशि ₹19102/- वापस कराया गया। साइबर टीम के सराहनीय कार्य के लिए सोनाली अग्रहरि द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।**

**धनराशि बरामद कराने वाली साइबर पुलिस टीम-**

**01.निरीक्षक अरुण कुमार, प्रभारी साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**
**02.उप निरीक्षक राजेश शुक्ला, साइबर सेल जनपद सिद्धार्थनगर।**
**03.मुख्य आरक्षी अतुल चौबे साइबर सेल, जनपद सिद्धार्थनगर।**
**04.आरक्षी आशुतोष जायसवाल, साइबर थाना सिद्धार्थनगर।**
**06.म0का0 शिप्रा, प्रियंका साइबर थाना सिद्धार्थनगर।**

## प्रेस नोट दिनांक 31.05.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆01 नफर वारण्टी चढ़ा पुलिस के हत्थे ।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया ।

**सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण, अखिलेश वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन में रामदेव थानाध्यक्ष भवानीगंज के नेतृत्व में थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा आज दिनांक 31.05.2024 को वाद संख्या 839/19 धारा 323,504,506 भा0द0वि0 से सम्बन्धित 01 नफर वारंटी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया ।**

गिरफ्तार वारंटी का विवरण-

**01.पतिराम पुत्र लखई निवासी धौरहरा उर्फ धर्मपुर थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।**

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

**01.उ0नि0 रामगती थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।**

**02.मु0आ0 राकेश कुमार थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर ।**

## प्रेस नोट दिनांक 31.05.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 31.05.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 04 भूमि विवाद, 05 मारपीट व 04 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस-नोट दिनांक 31.05.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆हत्या का प्रयास के वांछित 02 अभियुक्तगण गिरफ्तार।

◆थाना उसका बाजार पुलिस को मिली बड़ी सफलता।

◆अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, सुजीत राय क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण एवं रोहित उपाध्याय थानाध्यक्ष उसका बाजार के नेतृत्व में उसका बाजार पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0 96/2024 धारा 307/323/504/506 भा0द0वि0 से संबन्धित वांछित 02 अभियुक्तगण को आज दिनांक 31.05.2024 को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

01. रविशंकर उर्फ रवि पुत्र ईश्वरदीन ग्राम फुलवरिया थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
02. गौतम पुत्र कन्हैया ग्राम फुलवरिया थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01. उ0नि0 नागेन्द्र प्रताप गौड़ थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।
02. हे0का0 रमाशंकर गुप्ता थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस-नोट दिनांक 31.05.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆गैर इरादतन हत्या का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे।

◆थाना इटवा पुलिस को मिली बड़ी सफलता।

◆गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व गर्वित सिंह क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण एवं संतोष कुमार तिवारी प्रभारी निरीक्षक इटवा के नेतृत्व में आज दिनांक 31.05.2024 को मु0अ0सं0 81/24 धारा 323, 304, 504 भा0द0वि0 से सम्बन्धित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

01.तेजे उर्फ रामतेज पुत्र भरोसे निवासी वेनीनगर थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

01.उ0नि0 रमेश कुमार साहनी थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

02.आ0 विनय कुमार थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट- दिनांक 01.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆"यातायात पुलिस" द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालो वाहन चालको तथा सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध चलाया गया चेकिंग अभियान।

◆यातायात नियम का पालन न करने वाले 51 वाहन चालको से ₹69,500/- शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी।

आज दिनांक 01.06.2024 को सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुपालन के क्रम मे व सिद्धार्थ,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे एवं अरुण कांत सिंह ,क्षेत्राधिकारी यातायात के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा सनई चौराहा, साड़ी तिराहा, पेट्रोल पम्प तिराहा, हैड्रिल तिराहा तथा अन्य स्थानों पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया एवं सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहन हटवाये गये एवं नियमों को अनदेखा कर धड़ल्ले से काली फ़िल्म लगाकर चल रहे 03 वाहनों से काली फ़िल्म हटवाये गए एवं उनका चालान किया गया एवं कुल 51 वाहनों का चालान करते हुए ₹69,500/- शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

## प्रेस नोट दिनांक 01.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना व त्यौहार इद-उल-जुहा(बकरीद) के दृष्टिगत शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने-अपने थानाक्षेत्रो में पड़ने वाले चिन्हित हाट-स्पॉट तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गश्त किया गया।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में आज दिनांक 01.06.2024 को जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक /थानाध्यक्ष द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतगणना व त्यौहार इद-उल-जुहा (बकरीद), शांति व सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिन्हित हाट स्पॉट व भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आस-पास पैदल गश्त/चेकिंग किया गया तथा आमजनमानस में सुरक्षा का एहसास कराते हुये जनसंवाद स्थापित किया गया।